**Criterion 2.4**

**Students Participating in NSS/NCC/Rangers & Rovers/ Clubs**

**i ) NSS Unit (Documented in NSS Register)**

The College has half a unit of 50 volunteers of NSS. Various activities were conducted under aegis of NSS in 2024-25:

- *Swachhata Hi Seva Campaign* (September 17 - October 2, 2024)
- Cleanliness Drive at Atal Tunnel and Rohtang Pass, Lahaul on 29 October 2024: Volunteers collected plastic waste, raised awareness among locals and tourists, and promoted environmental awareness during an educational tour.
- Trekking and Cleanliness Drive at Sissu, Lahaul on 29 October 2024.
- Seven Day Special camp from 16 to 22 December 2024 was organized in college campus. During this camp volunteers participated in various activities including special lectures, yoga, cleanliness drives, and so on.

**विद्यार्थियों ने अटल टनल के पास इकट्ठा किया प्लास्टिक**

**दाड़लाघाट कॉलेज के विद्यार्थी घूमने के लिए मनाली और सिस्सू पहुंचे, लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश**

संवाद न्यूज एजेंसी

दाड़लाघाट (सोलन)। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने मनाली और सिस्सू की यात्रा की।

शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश की सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता से परिचित करवाना था। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने भ्रमण के दौरान अटल टनल और सिस्सू वॉटर फॉल में सफाई अभियान भी चलाया। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक की खाली पड़ी बोतलों को एकत्रित करते गए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय की भारत स्काउट्स एंड गाइड इकाई के रोवर अक्षय कुमार और रेंजर भूवि शर्मा की अगुवाई में विद्यार्थियों ने कुल्लू के बिजली महादेव की ट्रैकिंग की।

ट्रैकिंग के दौरान रोवर्स और रेंजर्स ने सफाई भी की। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर व अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष सहायक आचार्य अक्षय कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने मनाली बाजार में पर्यटकों व स्थानीय दुकानदारों से अटल टनल के निर्माण के पश्चात पर्यटन व व्यापार में हुई बढ़ोतरी को जानने के लिए सर्वे किया। विद्यार्थियों ने मनाली स्थित रोरेक आर्ट गैलरी और हिडिंबा मंदिर में भी दर्शन किए।

प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि विद्यार्थियों को हिमाचल की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना को समझने में सहायता मिली।

**दुकानदारों से अटल टनल के निर्माण के बाद व्यापार बढ़ोतरी को जानने के लिए सर्वे किया**





राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के दौरान। संवाद

# स्वयंसेवी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किए




दाड़लाघाट में स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में उपस्थित स्वयंसेवी • जागरण

**दाड़लाघाट** : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वीरवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन किया। मुख्य अतिथि कार्यक्रम अधिकारी प्रो . डा . जेपी शर्मा रहे। जबकि मुख्य रूप से सहायक प्रो . अक्षय शुक्ला व प्रो पुनीत ठाकुर मौजूद रहे। इस दौरान स्वयंसेवियों ने भाषण, एनएसएस के उद्देश्य, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवी को भविष्य में सामाजिक चेतना के लिए प्रेरित किया व सामाजिक कार्य में भाग लेने के लिए कहा। (संस)





DEGREE COLLEGE DARLAGHAT
GPS Map Camera
Solan,हिमाचल प्रदेश,भारत
Shimla Kangra Road, Darlaghat, Solan,
173235, हिमाचल प्रदेश, भारत
Lat 31.232947, Long 76.929300
12/10/2024 11:53 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Solan,हिमाचल प्रदेश,भारत
Shimla Kangra Road, Darlaghat, Solan,
173235, हिमाचल प्रदेश, भारत
Lat 31.232979, Long 76.929330
12/25/2024 11:21 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Solan,हिमाचल प्रदेश,भारत
Shimla Kangra Road, Darlaghat, Solan, 173235, हिमाचल प्रदेश, भारत
Lat 31.232867, Long 76.929333
12/25/2024 11:28 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Solan,हिमाचल प्रदेश,भारत
Shimla Kangra Road, Darlaghat, Solan, 173235, हिमाचल प्रदेश, भारत
Lat 31.234355, Long 76.924689
12/25/2024 01:43 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GOVT. DEGREE COLLEGE
DARLAGHAT
NSS UNIT
SEVEN DAY SPECIAL CAMP
23-12-2024 - 29-12-2024
(25-12-2024)
Special Guest:-
Topic :-
Viksit Bharat
@
2047
Programme Officer:-
Asst. Prof. :-
Akshay Shukla
Dr. JP Sharma






**iii) The Bharat Scouts and Guides (Documented in B.S.& G Register.)**

The Rangers and Rovers Unit of GDC Darlaghat actively volunteered in various college events. As of 2024-25, the unit comprised 19 Rangers, guided by Ranger Leader Ms. Bhuvi Sharma, and 12 Rovers, led by Rover Leader Mr. Akshay Kumar.

- ❖ On 31August, 2024, the Red Ribbon Club and Red Cross Society of GDC Dharlaghat organized an interactive session on first aid and safe syringe use. The Rangers and Rovers attendance was mandatory in the session.
- ❖ From 27 to 29 October, 2024, the Ranger & Rover Unit engaged in ecotourism activities, including cleaning plastic waste near Atal Tunnel, Rohtang. They also participated in an adventurous zip-line at Waterfall in Lahaul and completed a 5 km trek to Bijli Mahadev.
- ❖ On 7 November 2024, the Rover and Ranger Unit of GDC Darlaghat celebrated the 75th Foundation Day of Bharat Scouts and Guides with a Flag Day Diamond Jubilee event.







# विद्यार्थियों ने बिजली महादेव का किया भ्रमण




दाड़लाघाट कालेज के विद्यार्थी अटल टनल का अवलोकन करने के बाद • जागरण

**दाड़लाघाट** : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों व प्राचार्यों ने मनाली व सिस्सू की यात्रा की। इस यात्रा में विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक व भौगोलिक विविधता से परिचित करवाया गया। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने अटल टनल रोहतांग व सिस्सू वाटरफाल में सफाई अभियान चलाया। एनएसएस प्रभारी डा. जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक की खाली बोतलों को एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स इकाई के रोवर अक्षय कुमार और रेंजर भूवि शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कुल्लू स्थित बिजली महादेव की ट्रैकिंग की और सफाई अभियान भी चलाया। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर व अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष सहायक आचार्य अक्षय कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने मनाली बाजार में पर्यटकों व स्थानीय दुकानदारों से अटल टनल के निर्माण के पश्चात पर्यटन व व्यापार में हुई बढ़ोतरी को जानने के लिए सर्वे किया। (संसू)




ROVERS AND RANGERS
GOVERNMENT DEGREE COLLEGE,
DARLAGHAT, SOLAN, H.P.






**iv) Road Safety Club (Documented in Road Safety Register)**

Mrs. Margaret Sebastian was in charge of Road Safety Club. Club has 43 members.

- On 11 December 2024, road safety unit visited automobile workshop to create awareness about road safety.
- On 16 December 2024, RTO Solan performed *Nukkad Natak* in the college premises for the awareness of road safety.











**v) Red Ribbon & Red Cross Society (Documented in Club Register)**

The College has an actively functioning Red Ribbon Club and the Red Cross Society. About twenty volunteers are part of the club.

- The Clubs organized a guest lecture for students of all years on the theme "Intensified IEC Campaign: Basics of First Aid and Safe Use of Syringes" on 31 August 2024.
- Participation in Training Workshop on HIV/AIDS on 21 September 2024.
- The Red Ribbon Club and the Red Cross Society organized World AIDS Day celebrations which included a guest lecture by Ms. Swati Gautam (GDA Facilitator Ambuja) on AIDS on 30 November 2024 and various intra-college competitions like slogan-writing, poster-making, rangoli-making, and declamation were also organized.
- On 20 December 2024 the Red Ribbon Club and the Red-Cross society took out a rally from college premises across Darlaghat to ITI, Ambuja Foundation. Volunteers then performed a nukkad-natak at ITI, on the theme “Nasha:Ek jaal”.











## कार्यशाला में एड्स से बचाव के तरीके बताए

दाड़लाघाट : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में एड्स पर रेड रिबन क्लब ने दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। क्लब प्रभारी सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि तृतीय वर्ष से ममता व द्वितीय वर्ष से हर्षा ने कार्यशाला में एड्स से बचाव के उपाय बताए। कार्यशाला में मुख्य रूप से एड्स की रोकथाम व जनसमुदाय में जागरूकता का प्रसारित करने के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी मुहैया करवाई गई। (संसू)

कार्यशाला में उपस्थित तृतीय वर्ष की ममता व द्वितीय वर्ष की हर्षा • जागरण




# एड्स के फैलाव व रोकथाम के बचाव पर दिया व्याख्यान

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट



राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस की थीम टेक द राइटस पाथ माई हेल्थ माई राइट रखी गई है, इसी थीम का अनुसरण करते हुए रेड रिबिन क्लब और रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से की गई। कार्यवाहक प्राचार्या मार्गरेट सेबेस्टियन ने मुख्य वक्ता स्वाति गौतम और विनोद वर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में आईटीआई दाड़लाघाट से जीडीए ट्रेनर स्वाति गौतम ने एड्स के फैलाव व रोकथाम के बचाव पर विस्तृत व्याख्यान दिया।


FIGHT AIDS NOT PEOPLE WITH AIDS
HIV BLOOD TEST
CHECK BLOOD BEFORE USE
STOP SHARING
STOP SHARING
AIDS
AIDS
AIDS DAY
World AIDS Day
STOP



# रेड रिबन क्लब के छात्रों ने आईटीआई दाड़लाघाट में प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक



रेड रिबन क्लब के छात्र आईटीआई में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए।

**सवेरा न्यूज/विनोद शर्मा अर्की,** : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों ने आईटीआई दाड़लाघाट में नशा जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाई और लोगों को नशे से बचने के लिए प्रेरित किया। रेड रिबन क्लब की प्रभारी सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से बचाव के संदेश दिए। उन्होंने कहा कि नशा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने एक रैली भी निकाली, जिसमें उन्होंने नशे के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाई और लोगों को नशे से बचने के लिए प्रेरित किया।



**vi) Electoral literacy Club (Documented in Club Register)**

Electoral Literacy Club of Government Degree College Darlaghat organized various activities to sensitize the students under SVEEP (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) . Dr Jai Prakash Sharma is in charge of Electoral Literacy Club.

- On November 13, 2024 representative of Election Commission of Himachal Pradesh conducted a drive in the College campus to form voter ID cards of students.
- On 26 November 2024 Club celebrated the Constitution Day.

## महाविद्यालय दाड़लाघाट में 5 छात्रों के बनाए वोटर आईडी कार्ड




**महाविद्यालय दाड़लाघाट में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को जागरूक करते इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के पदाधिकारी।**

**सवेरा न्यूज/विनोद शर्मा**

अर्की, 13 नवंबर : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब और यंग पॉलिटिकल साईंटिस्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों के वोटर आईडी कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर बीएलओ दाड़लाघाट बलदेव राज और बीएलओ विजय कुमार उपस्थित रहे। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के प्रभारी डा. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित करवाना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबकी भागीदारी को दर्ज करवाना है। इस मौके पर पांच विद्यार्थियों के वोटर आईडी कार्ड बनवाए गए।






**vii) Career Counseling and Placement Cell (Documented in file)**

Various counselling placements programs organised by cell are given below:

- ❖ A lecture on "Importance of Social Skill in Personality Development" was delivered by Dr. Devdutt Sharma, Professor at HPU Shimla on 10 August 2024.
- ❖ An insightful talk on "*Jaivik Udyamita Protsahan*" was given by *swadeshi jagran manch* on 24 October 2024.



## टैली व डाटा साइंटिस्ट में रोजगार के साधन बताए

दाड़लाघाट (सोलन)। दाड़लाघाट महाविद्यालय में टैली और डाटा साइंटिस्ट के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया गया।

महाविद्यालय की कॉमर्स सोसायटी द्वारा टैली और डाटा साइंटिस्ट विषय पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित करवाया गया। इसमें आईटीआई अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन दाड़लाघाट से टैली ट्रेनर राज कुमार गुप्ता, डाटा साइंटिस्ट मोनिका चंदेल और प्रोजेक्ट ऑफिसर दलीप शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वक्ताओं ने टैली कोर्स और डाटा साइंटिस्ट कोर्स की भी विस्तृत जानकारी दी।

कॉमर्स सोसायटी के अध्यक्ष सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर ने बताया कि कॉमर्स सोसायटी विद्यार्थी हितों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजित करवाती रहती है। संवाद

## विद्यार्थियों को दिए कॅरिअर के टिप्स

दाड़लाघाट(सोलन)। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण पर एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम बुधवार को हुआ, जिसमें इको-ग्रुप सोसाइटी व सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप और कॅरिअर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

कार्यक्रम में हॉस्पिटैलिटी सर्टिफिकेट कोर्स से संबंधी जानकारी दी गई। यह कोर्स विद्यार्थियों के अलावा कोई भी स्थानीय व्यक्ति कर सकता है।

इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसरों से परिचित करवाना था। वर्तमान समय में विद्यार्थी अपनी कार्य कुशलता को विकसित करते हुए रोजगार हासिल कर सकते हैं।

प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि वर्तमान दौर स्किल बेस्ड स्किल का है और यदि विद्यार्थी अपनी स्किल पर काम करें तो रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त कर सकता है। सर्टिफिकेट कोर्स के पश्चात विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से रोजगार मुहैया करवाया जाएगा, ताकि प्रशिक्षु अपनी जीविका हासिक कर सकें। संवाद

✞



**viii) Eco-Club (Documented in Eco Club Register)**

Executive Council of Eco - Club was formed on 23 August 2024.

- ❖ On 27 September 2024 Switch off Drive was organized in college campus to raise awareness on energy conservation.
- ❖ Cleanliness Drive at Bijli Mahadev, Atal tunnel and Sissu Waterfall was conducted by students from 27 October to 29 October as part of an educational tour to these places.
- ❖ Earth Day was celebrated on 22 April.








## महाविद्यालय दाड़लाघाट में स्विच ऑफ अभियान का आयोजन

महाविद्यालय दाड़लाघाट में आयोजित स्विच ऑफ ड्राइव में भाग लेते विद्यार्थी।

सवेरा न्यूज/विनोद शर्मा

अर्की, 27 सितंबर: राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में ईको क्लब व एनर्जी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश देते हुए स्विच ऑफ ड्राइव का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने इस स्विच ऑफ ड्राइव में सभी कक्षाओं, प्राचार्या ऑफिस, स्टाफ रूम, ऑफिस व साइबर कैफे में जाकर जरूरत पड़ने पर ही ऊर्जा उपकरणों के प्रयोग में लाने का संदेश दिया। ईको क्लब व एनर्जी क्लब की प्रभारी सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि इस तरह की ड्राइव को आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के विविध आयामों से परिचित कराना होता है।







**x) Subject Societies (Documented in Subject Society Registers)**

Subject societies have been established, featuring creative names such as Young Political Scientists Club, Ecoholics (Economics Society), and Atamabhivyakti (Hindi Society), among others. Annual plans are developed with full involvement of the students, ensuring their interests are at the forefront. These well-thought-out activities are then executed, spread evenly throughout the academic session, fostering a vibrant campus life. These societies not only enhance academic learning but also provide a platform for students to grow, explore, and express their talents.



# भाषण प्रतियोगिता में दामिनी पोस्टर मेकिंग में हिमांशी अव्वल

## दाड़लाघाट कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

दाड़लाघाट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर शपथ लेते विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

दाड़लाघाट(सोलन)। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में राजनीति शास्त्र विभाग की यंग पॉलिटिकल साइंटिस्ट सोसायटी व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दामिनी, पोस्टर निर्माण में हिमांशी, स्लोगन में हिमांशी व प्रश्नोत्तरी में आरती प्रथम स्थान पर रही। इस मौके पर सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

### मानवाधिकारों से जुड़े विभिन्न तथ्यों पर प्राचार्य ने डाला प्रकाश

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में मानवाधिकारों से जुड़े विभिन्न तथ्यों पर प्रकाश डाला।

मानवाधिकार दिवस की इस वर्ष की थीम अवर राइट्स, अवर फ्यूचर, राइट नाव की विस्तृत विवेचना करते हुए प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस दौरान नारा लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी व पोस्टर निर्माण करवाया गया।

### चंडी स्कूल के विद्यार्थियों ने तीन गतिविधियों में किया प्रथम स्थान हासिल

दाड़लाघाट (सोलन)। पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की) ने पीएमश्री की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। डाइट सोलन में आयोजित विभिन्न क्लबों की गतिविधियों में विद्यालय ने तीन गतिविधियों डिजिटल क्वेस्ट,लोकल आर्ट एंड ड्रामा और क्रिएटिव आर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मंथन मंडल की वाद-विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया।

विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य अमिता कौशल ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और अध्यापक इन्हें तराशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है और यह उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें आगे भी ऐसी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद




# विद्यार्थियों ने पंचायत की कार्यप्रणाली जानी



दाड़लाघाट कालेज के विद्यार्थी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ • जागरण

**दाड़लाघाट** : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के राजनीतिशास्त्र विभाग के युवा राजनीतिक वैज्ञानिक समिति ने छात्रों को दाड़लाघाट पंचायत का भ्रमण करवाया। पंचायत सचिव धनीराम ने छात्रों को पंचायत कार्यों और पंचायत न्याय व्यवस्था के बारे में बताया। इसके बाद छात्रों ने प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डा. जेपी शर्मा ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण पहले भी हुए हैं और भविष्य में भी होते रहेंगे। (संस)




Interview
Meaning, Definition
Type of Interviews
NET, SET, B.COM
B.B.A, B.C.A





# दाड़लाघाट में छात्रों को दिखाई भगत सिंह फिल्म



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज में टाइम ट्रैवलर्स सोसायटी द्वारा द लेजेंड ऑफ भगत सिंह नामक फिल्म दिखाई गई। यह फिल्म स्वाधीनता आंदोलन के प्रखर क्रांतिकारी नेता भगत सिंह के जीवन पर आधारित है। इतिहास विभाग की अध्यक्ष सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि इस फिल्म का प्रदर्शन विद्यार्थियों को भगत सिंह के जीवन से परिचित करवाने के लिए किया गया। इतिहास विभाग के सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।




MAURYAN
EMPIRE
322 - 185 BCE
Pillar at Kaushambi
Pillar at Lauriya Nandangarh
Pillar at Topra
Pillar at Rampurva
Stupa at Sarnath
Stupa at Piprahwa


INTERNATIONAL ROERICH MEMORIAL TRUST
HIMALAYAN ESTATE OF NICHOLAS ROERICH
GOVT. DEGREE COLLEGE DARLAGHAT, SOLAN
TIME TRAVELLERS' SOCIETY


GOVT. DEGREE COLLEGE DARLAGHAT, SOLAN
TIME TRAVELLERS' SOCIETY
GPS Map Camera
Manali, Himachal Pradesh, India
Shop Number 321/1 Near Hadimba Devi Temple Nasogi, Old Manali, Manali, Himachal Pradesh 175131, India
Lat 32.24841° Long 77.180982°
28/10/24 05:39 PM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Naggar, Himachal Pradesh, India
4589+m2v, Naggar, Himachal Pradesh 175130, India
Lat 32.116274° Long 77.167792°
27/10/24 02:30 PM GMT +05:30
Google

# महाविद्यालय दाड़लाघाट में टैली कॉमर्स एप्टीट्यूड टैस्ट का आयोजन




**महाविद्यालय दाड़लाघाट में आयोजित टैली कॉमर्स एप्टीट्यूड टैस्ट में भाग लेते विद्यार्थी।**

**सवेरा न्यूज/विनोद शर्मा, अर्की :** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में कॉमर्स सोसायटी व सांची प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में पांचवां टैली कॉमर्स एप्टीट्यूड टैस्ट का आयोजन किया गया। कॉमर्स सोसायटी के अध्यक्ष पुनीत ठाकुर ने बताया कि इस एप्टीट्यूड में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विद्यार्थियों को टैली से जुड़ी जानकारी दी गई व भविष्य में टैली की प्रासंगिकता व उपयोग पर भी चर्चा की गई। कॉमर्स सोसायटी की मेंबर डा. भावना आजाद भी इस अवसर पर मौजूद रही।



# बैंक क्रेडिट आइडी बनाने की जानकारी दी



राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सोमवार को आयोजित एक दिवसीय एकेडमिक बैंक क्रेडिट कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी • जागरण

**दाड़लाघाट** : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में एक एकेडमिक बैंक क्रेडिट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक क्रेडिट आइडी बनाने की जानकारी दी गई। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. पुनीत ठाकुर व अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अक्षय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को एकेडमिक क्रेडिट को डिजिटल रूप में रखने के बारे में भी बताया गया। (संस)

# महाविद्यालय दाड़लाघाट में ग्लोबल कॉमर्स ट्रेंड्स विषय पर व्याख्यान

सवेरा न्यूज/विनोद शर्मा अर्की, 31 दिसंबर : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में कॉमर्स सोसाइटी और इकोहोलिक्स सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान डा. भूषण आजाद द्वारा ग्लोबल कॉमर्स ट्रेंड्स विषय पर वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से दिया गया। डा. भूषण आजाद कुमारसेन महाविद्यालय में सहायक आचार्य वाणिज्य के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस व्याख्यान में विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर सतत वाणिज्य के बदलते स्वरूप पर विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर और सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने बताया कि इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक वाणिज्य के बदलते रुझानों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से डा. भावना आजाद भी मौजूद रही।








# आओ हिंदी में हस्ताक्षर करें, की पहल की



राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में समारोह में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य • जागरण

**दाड़लाघाट** : राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हिंदी दिवस पर हुए समारोह में प्राचार्या डा. रुचि रमेश ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय में एक हफ्ते से हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा था। इसमें अनेक प्रतियोगिताएं हिंदी विभाग द्वारा आयोजित करवाई गईं। भाषण प्रतियोगिता में इशिता प्रथम, कविता पाठ में मिनल प्रथम, सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशी प्रथम, वाद विवाद प्रतियोगिता में खुशबू व करण व रंगोली प्रतियोगिता में स्नेहा, निराशा और आरती ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने आओ हिंदी में हस्ताक्षर करें नामक एक छोटी सी पहल के माध्यम से हिंदी में हस्ताक्षर करने का आग्रह किया। हिंदी विभागाध्यक्ष सहायक आचार्य रचना तनवर ने कहा कि संस्कृति को बचाने के लिए आवश्यक है की हम भाषाओं का सरंक्षण करें। (संस)





# विद्यार्थियों को दिखाई प्रेमचंद की कहानी

## दाड़लाघाट कॉलेज के हिंदी विभाग ने ईदगाह पर बनी लघु फिल्म की प्रदर्शित

संवाद न्यूज एजेंसी

**दाड़लाघाट (सोलन)।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के हिंदी विभाग की लिट्रेरी सोसायटी आत्मभिव्यक्ति के तहत विद्यार्थियों को प्रेमचंद की कहानी ईदगाह पर बनी लघु फिल्म मंगलवार को दिखाई गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। हिंदी विभागाध्यक्ष रचना तनवर ने बताया कि विद्यार्थियों में साहित्यिक रुचि को बढ़ाने के लिए विभाग निरंतर इस तरह की गतिविधियां करता आया है। प्रांचल, दीक्षा, दिव्या, हितेश, तरुण व चंदन ने लघु फिल्म का रिव्यू देते हुए बताया कि ईदगाह कहानी का फिल्म रूपांतर देख कर कहानी के प्रमुख पात्र हामिद के बाल मनोविज्ञान को गहराई से जानने का अवसर मिला।



प्रेमचंद की कहानी ईदगाह पर बनी लघु फिल्म को देखते विद्यार्थी। संवाद

### बच्चों को बाल मनोविज्ञान जानने का मिला मौका

# विद्यार्थियों को दिखाई डा. टैगोर की डाक्यूमेंट्री



दाड़लाघाट महाविद्यालय में डाक्यूमेंट्री को देखती तृतीय वर्ष की छात्राएं • जागरण

**दाड़लाघाट :** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के हिंदी विभाग की साहित्यिक सभा आत्माभिव्यक्ति के बैनर तले विद्यार्थियों को डा . रविंद्र नाथ टैगोर की डाक्यूमेंट्री तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिखाई गई। इनके पाठ्यक्रम में डा . रविंद्र नाथ टैगोर की ओर से रचित विश्वप्रसिद्ध कृति गीतांजलि पढ़ाई जा रही है। विभागाध्यक्ष सहायक आचार्य रचना तनवर ने बताया डाक्यूमेंट्री संसद टीवी के यूट्यूब चैनल पर दो भागों में विभक्त है। डाक्यूमेंट्री का रिव्यू देते हुए निशांत, आंचल, दामिनी, आरती, नकुल, याचना, श्वेता, भावना, ममता व अन्य विद्यार्थियों ने बताया कि डाक्यूमेंट्री को देखने के बाद डा . रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन से जुड़े गहन पहलुओं के बारे में जानकारी मिली। (संस)